स्त्री के रूप

लक्ष्मण 'सोमित्र'

सूर्य प्रकाशन मन्दिर
बीकानेर

लक्ष्मण 'सौमित्र'

प्रकाशक
सूद प्रकाशन मंदिर
बिस्सा का चौक
बीकानेर

मूल्य तीन रुपये

प्रथम संस्करण
१९६७

पृष्ठ संख्या =+१०==११६

मुद्रक
पवन आर्ट प्रेस
बीकानेर

STREE KE ROOP : A Short Story Collection by
Laxman Saumitra Price 3 00

स्त्री के रूप

—, रानी, ऊषा और   को ।

प्रस्तावना

मुझे कुछ ऐसा लग रहा है, जैसे शहर की जिन्दगी एकाएक ही वाष्प होकर किसी एकादश खण्डी पारदर्शी कीप के माध्यम से बहनी आरम्भ हो गई है। साड़िया, लैवेण्टर, लिपिस्टिक, रूज, वैनिटी बैग और धूपिया चश्मे– ये जैसे रूप हीन होकर उस एकादश खटी साचे मे ढल गये है। कोई भी व्यक्ति यदि शहर का है, रूमान और यथार्थ की जिन्दगी से जिसका तनिक भी परिचय है, प्रेम और वासना को जिसने दबा अथवा भोगा है, वह इनकी लपट और इनके अभिषेक से बचकर नहीं जा सकता। लक्ष्मण का कहानीकार यथार्थ की ऐसी ही सत्याग्रही स्थिति का मुखापेक्षी है। राधा, मार्था, सरला, निशा और रीता—ये कुछ ऐसी इकाइया है जिनसे आपका प्रणय और रोमास जीवित है, जीवेषणा उजागर है, और कुंठा मूर्तिमान। मिना इस्माइल रोड, कुतुब, ओखले, गेलार्ड, नीरोन और विश्वविद्यालय की चौहद्दी—इनमे यदि कहीं भी कोई विशिष्ट भाव भगिमा वाली, अति साधारण या असाधारण, मुखर, वाचाल अथवा आभिजात्य कोई सज्ञा गतिमान लगे तो आप पाएंगे कि आप लक्ष्मण सौमित्र के माध्यम से उनसे परिचित हो रहे है।

कहानी जीवन मे न तो घटी है, न जीवन कहानी से। और जो लोग आज तक कला के नाम पर प्रकारान्तर से इन्हे ऐसा मानते रहे है, लक्ष्मण सौमित्र उनके लिये एक 'आतक क्षेत्र' का काम करते हैं। प्रस्तुत सग्रह की ग्यारहों कहानिया पढने

से यही लगता है जैसे रोमांस, वासना, कुंठा और प्रेम इन सबका अपना एक अलग विश्व है, उस विश्व की सीमा में एक बार पदक्षेपण करने के बाद हमें लगता है जैसे हमें एकाएक ही एक स्टाप से दूसरे स्टाप तक जाती हुई किसी ऐसी ट्राम में चढ़ा दिया गया हो, जिसमें कहीं रुकावट नहीं है। किसी प्रवाह में डाल दी गई नाव की भांति जब तक तट न मिले तब तक हम सौमित्र के कथा शिल्प के साथ बहना होगा।

मैं लक्ष्मण सौमित्र की तुलना किसी फ्रेन्च, अमरीकी अथवा रूसी कथाकार से करके उसकी अपनी मौलिकता को सीमित नहीं करना चाहता, क्योंकि उनके लिये यथार्थ केवल कहानी का यथार्थ न होकर जीवन का यथार्थ है। एक ऐसा यथार्थ जिसको मन और हृदय, धड़कन और मांस, रक्त और मांस के सूक्ष्मतम तन्तुओं से बुना गया है। और इस आधार पर वे हिन्दी के किसी भी कथाकार से लोहा ले सकते हैं।

इस कथा संग्रह का चुनाव कदाचित लक्ष्मण सौमित्र की उन शताधिक कहानियों में से हुआ है, जो उन्होंने पिछले छः वर्षों में लिखी हैं तथा इनमें से चुनी गई ये कहानियां स्त्री के नाना रूपों और बहुमुखी चरित्र को अत्यन्त ही संजीदगी के साथ हमारे सम्मुख प्रस्तुत करती हैं। कहानी के क्षेत्र में लक्ष्मण सौमित्र का स्थान ऐसे निस्पृह, अनासक्त और तटस्थ कलाकार के रूप में है, जो क्षणजीवी अथवा अल्पावधि जीवित रहने वाले शिविरान्दोलनों की नियोजी चमक से ऊपर है।

मैं उनके इस प्रथम प्रकाशित किन्तु फिर भी अत्यधिक प्रत्याशी (Prospective) कथा संग्रह का स्वागत करता हूँ।

—प्रकाश परिमल

एक

कल की डाक से एक लिफाफा आया है बिना चिट्ठी का। लिफाफे के अन्दर किसी भी चिट्ठी से अधिक मन को उकसा देने वाले मेरे तो चित्र हैं—मेरे अपने ही जिन्हें मैं कल शाम ही से देख रहा हूं। कितना कुछ है इन चित्रों के अन्दर। सबका सब जीवन्त इतिहास हो जैसे। कल शाम से अब तक की दुपहरिया के इन अठारह घण्टों की इतनी लम्बी अवधि में मैंने सिर्फ एक ही बात सोची है—एक ही बात को रात के आठ घण्टे की उनींदी नींद के सपनों में देखा है। और बस इन चित्रों के वापस लौट आने का मतलब समझने का प्रयत्न भर किया है उल्टे सीधे ढेर सारे अर्थ लगा लगा कर, सन्दर्भ जोड़ जोड़ कर। आज मेरे अपने चित्र ही मुझसे घण्टों बात करते रहे हैं पता नहीं क्या क्या मुझे समझाते रहे हैं। पिछले अठारह घण्टों में एक क्षण के लिए भी चुप नहीं रहे हैं। इन चित्रों से सम्बन्धित सारे फ्लैशबैक एकदम साफ सुथरे होकर मेरी आंखों के सामने आए हैं—एक शृंखलाबद्ध कहानी बन कर, जो किसी उजले दिन की रोशनी की तरह साफ और पक्के बर्फ की भांति सफेद और चमकदार है। मुझे आश्चर्य होता

कायम है। कलाकार हू तो अपने घर म—उसके डाइ ग-रूम को मेरे एस्थटिक स स म सजन की जरूरत कभी भी नही हुई है। उवशी वाल कलण्डर की कलर स्कीम, कमरे की सजावट से कही भी मेल नही खाती। मगर मुझे यह कहा पता है कि कलर स्कीम से अधिक केलण्डर की उवशी के मन की घुटन और दद जो उसके विवश चेहरे म है, रीना को अधिक पसन्द हैं। निश्चय ही कहीं कुछ है उसम जिसने रीता के मन की भावनाओ का तात्पर्य है या कुछ और है—बहुत गहरा, जो उस चित्र और कलण्डर को आउट आव डेट हो जाने पर भी वहा लगाए हुए है। किसी की प्रम भेंट है शायद जिसे वहा से मरे हटा देने पर मुझे एकदम कृष्णानु की एकमात्र सज्ञा दिलवाती है। मैं उसे आज फिर हटाने के विचार से जब उठता हूँ तो रेडियो के पास पड फोन की घण्टी बजती है। फोन पर भल्ला है। अपने आफिस स बोल रहा है—रीता से बात करना चाहता है। किचन म पडी सारी बफ पिघल कर नाली के रास्ते से बह जाती है या फिर चाय के लिए स्टोव पर चढा दूध उफन कर एक बडी कणकटु आवाज के साथ स्टोव को बुझा देत है या फिर खिडकी पर रखे आज के ताजा अखबार, हवा के झोके क साथ खिडकी से बाहर उड कर बहुत दूर—भल्ला के आफिस की ही दिशा म चल जाते हैं। किसी विरही यक्ष के मेघदूतों की ही भाति। मरा भावुक मन एक क्षण के लिए सोचता है एक बडी ऊटपटाग सी बात—शायद उनम भल्ला के लिए कोई सन्देह रीता ने डाल कर भेजा हो। मैं रुकता रहता हू—बफ का पिघल कर बहना दूध का उफन कर स्टोव को बुझाना और अखबारो का उडना। सुनता रहता हूँ—रीता का फोन पर की जाने वाली बात के हर नए प्वाइट पर हसना, मुस्कराना या फिर गम्भीर होकर कुछ देर की खामोशी म हा हूँ' कहते रहना और तब फिर एकदम से खिलखिला कर हस पडना या फिर वही रोजमर्रा वाले वाक्य— कितनी दफा समझाया है आपको, समझते क्या

नही हैं ? ऐसा नही हो सकता, (या) आपको हमेशा एक ही बात सूझती रहती है। नही, पापा ऐसी नही करेगे। रीता की हर मुस्कराहट के साथ मैं हमेशा मुस्कराना चाहता हू। हर खामोशी के साथ खामोश होकर उसके मन की बात समझना चाहता हू। मगर पता नहीं क्यो हमेशा मेरा मन रीता की ऐसी बातचीतो से किचन मे पडी बर्फ की तरह पिघलता रहता है या फिर हमेशा ही किसी खौलते दूध की तरह एकदम उफन कर किसी स्टोव को हमेशा के लिए बुझा डालना चाहता है। मैं विवश होकर अपनी कुर्सी को इधर उधर सरकाता हू और उसकी विचार शृखला को तोडने का प्रयत्न करता हू। और तब यकायक ही मुझे बातचीत के खत्म होने के सकेत मिलने लग जाते हैं। तो फिर। हा। सटरडे हा गुडीओव । हा श्योर। डेढ बजे लन्च टाइम पर। मैं उठता हू और दरवाजे की तरफ बढता हू। रीता रिसीवर रख कर मुझसे आ मिलती है खिलखिलाती है और कहती है— मोस्ट ब्यूटीफुल। ईर्ष्यालु कहीं के। और तब एकदम बात की टोन बदल कर मुझसे क्षमा याचना करती है। मेरे ईर्ष्यालु मन को ठंडा करने की एक हल्की सी खुराक देती है— 'कावकन, छोडना ये नगी है। बस घण्टा लेकर बैठ जाता है बिना कुछ कहे ही। मुझे नहीं पसन्द है यह सब। और तब मुझे अपने साथ बांध लेती है कुछ क्षण के लिए। और मेरा मन वागिग हो जाता है। मुझे अपनी इस दुर्बलता पर खीझ होती है। अपनी इस विवशता पर क्रोध आता है। और मैं कहता हू अपने आप मे— गुलाम है आदमी तक सुनी औरत का। उसके हाथ की अंगुलियो मे बधी एक कठपुतली है बस। और मैं रोजमर्रा का ही भाति घर के पानी का शरबत पीकर ही ठण्डा हो जाता हूँ या फिर स्टोव पर रखे पात्र मे गर्म न हुए दूध की बनी स्ट्राग काफी पीकर अपने आपको ताजा महसूस करने लगता हूँ। यह दुस्तक लाता है और मैं उस टुमथ बदर और काल मार्क्स के सामाजिक दर्शन समझाना शुरू कर देता हूँ।

अपनी हीनता, अपनी दुर्बलता और अपनी विवशता के प्रसग मे मैं सोचता हू—आदमी एक मकनिकल रोबट से बढ कर और क्या है स्त्री के हाथो।

उसका उस दिन का लेशन खत्म हो जाता है और वह मुझे मुस्कराते हुए बाई बाई टाटा की ट्यूशन फीस देकर विदा कर देती है।

मैं रास्ते भर रीना के विचित्र चरित्र क सबध म सोचता चला आता हू। मुझे लगता है जिस लक्षणाय अथवा व्यजनाओं मे त्रिया चरित्र कहा जाता है वह शायद यही है। सबक लिए छलावा—जिसका मम है। मगर सबके लिए छलावा करन वाला व्यक्ति भी जीवन मे कही पहुँचता है क्या ? न पहुँच। भावी की चिन्ता स्त्री कब करती है उसके लिए तो वतमान सत्य होता है। एक एसा वतमान—जिसम उसक दोस्त हैं स्कूटर हैं, रस्त्रा है पिकनिक स्पाट है क्ल म हैं मूवी थियेटर हैं, डिपाटमटल स्टोस हैं, नियोन और मरकरी लाइटो से सज बडे बडे शो रूमो वाले बाजार है और इन सबस ऊपर, सबसे अधिक जीवन्त सत्य उसका छलावा वाला प्रम है। जिसम कभी वह मिस रीता है तो कभी मिसेज बनर्जी तो कभी मिसेज खन्ना है तो कभी फिर मिस रत्ना, उषा और भी न जान क्या क्या है ? जिसको रूज स्नो और लिपस्टिक हर सुबह अगर उस अपने शहर की हेलन क्लियोपेट्रा या नाची बनाकर पचास रुपयो वाले उस छोट से फ्लट से बाहर निकालता है तो रात क आखिरी घण्टो म, जो क्लबो को खुली खिडकियों क बन्द होने के घण्टे हैं जो रस्त्राओ की नियोन बत्तियां के एक के बाद एक, बुझने क घण्टे हैं जो इन सभी बातो स सम्बधित रीता की धीरे धीरे बन्ती जाने वाली थकान के घण्टे हैं वह किसी शेवरलेट फोड या ब्यूक म पीछे की सीट पर निढाल पडी यहा शहर से बहुत दूर बसे एकाकी स एक बहुत बडे बगले की तीसरी मंजिल के ४ न० फ्लैट मे लाई जाकर छोड दी जाती है। उसका बनर्जी या खन्ना जो गाडी को रोक कर पीछे

का दरवाजा खोलने आता है एक पार्टिंग किस के लिए नेपन ह्स्की अथवा रम की बू वाला अपना मुंह उसके मुंह तक ले जाता है और एक अजीब से सुरूर वाली अपनी आवा को उसकी आंखों में डाल कर कहता है—'गुड नाइट डार्लिंग ! गुड नाइट !

ऐसी किसी भारतीय रीता के संदर्भ में मुझे 'जान ओ हारा' की एक बिटेनी बटरफील्ड ८' का ख्याल आता है जिस सच पूछा जाय तो किसी भी खन्ना, बनर्जी अथवा मुझ जैसे कलाकार-कहानीकार में व्यक्तिगत रूप से कोई रुचि नहीं है, कोई लगाव नहीं है।

चौथा फ्लैशबैक मुझे रीता के दो साल पहले के कमरे में ले जाता है जहां मेरे और उसके अलावा और कोई नहीं है। यह शायद उसकी किसी सुनियोजित योजना के ही कारण है। वह मुझे आज कोई बहुत ही गहरी बात कहने वाली है। तभी तो वह चुप है और दिनों की तरह बोलती नहीं है। आज शायद उसका मूड पढ़ने का भी नहीं है। मैं उससे ऐसे अवसरों पर सामान्यतया बिना उसके मन की बात की थाह पाए ही कुछ बहुत अच्छी अच्छी बातें कहने लग जाता हूं जिनका उसके मन पर बहुत अच्छा प्रभाव हो रहा है। वह अक्सर कहती रही है—मेरा उसका सम्पर्क मेरी इन्हीं अच्छी लगने वाली कुछ कड़वी बातों की ही वजह से तो हुआ है जो उस समय असमय एक ऐसा अजीब सा जायका देती हैं जो किसी नियमित मांसाहारी को कभी कभी शाकाहारी बनने पर मिलता है या फिर किसी गृहस्थ आदमी को कभी कभी बाजार की या होटलों की चटपटी चीजें खाने से होता है। शायद उसका कहना ठीक भी है वरना कौन है उसके सैकड़ों मित्रों भाई साहबों अथवा मिस्टरों में से जो मेरे स्तर का है जो मेरे जैसा सीधा सीधा एक निहायत खुला आदमी है जो कि अपने आपको चौबीसों घण्टे टाई सूट बूट और हैट से ढक रहता है। अथवा मैं यथा मेरा सम्पर्क इससे यों भी हो कि उसे मेरी रोमांटिक कहानियां बहुत रुचती हैं और वह जवान है

हर जवान व्यक्ति ऐसी हर कहानी को पसन्द करता है जो उस जैसे ही किसी नायक या नायिका को आधार बना कर लिखी गई है। उसके द्वारा पढ़ी जाने वाली मेरी हर कहानी की नायिका में उसे हमेशा अपनी ही छवि दिखती है जैसे मेरा ध्यान, मेरा मन प्राण सभी सिमट कर उसी एक बिन्दु के साथ हमेशा हमेशा के लिए सम्बद्ध हो गया हो। सभी शायद रीता की इसी सम्पूर्णतया आत्मिक रुचि का ही परिणाम है कि आज पिछले चार सालों से मैं उसके साथ हूँ। वरना साधारण रूप से कौन लोग कलाकारों, कथाकारों को अपने मित्रों के रूप में चुनते हैं वे लोग सामाजिक प्राणी तो होते नहीं हैं।

मैं देख रहा हूं, धीरे धीरे उसे अधिकाधिक समय तक घर पर रहने की आदत पड रही है। उसकी शाम अब शहर के रेस्त्राओं में नहीं बीतती। वह सुबह ही से घर में निकल कर नहीं चली जाती है। उसे लेने के लिए रोजमर्रा नई नई कार भी नहीं आती। उसका फोन दिन भर पहले की भांति व्यस्त नहीं रहता और तो और उसने इन दिनों मांसाहारी खाना भी छोड दिया है। क्या है यह सब जो आदमी को इतनी जल्दी बदल सकता है? इस बुद्ध बनना का उत्तर आदमी के मन में किन परिस्थितियों की वजह से होता है? जीवन की क्षण भंगुरता को देखकर या फिर परिवर्तन स्वयं में एक तथ्य है जीवन का एक आवश्यक तत्व, इसलिए ही। रीता इन दिनों बोलती कम है सुनती अधिक है। चुप रहकर वह दिन व दिन मेरे बहुत ही निकट आती जा रही है। इतनी अधिक कि मैं उसके भीतर भी झांक सकता हूं। कभी कभी मुझे लगता है शायद यह सब किसी निकट भविष्य में आने वाले भयंकर तूफान के पहले की शांति तो नहीं है। रीता के इस व्यवहार को मैं कभी भी एक सच्चाई के रूप में ग्रहण नहीं करता, सो उस खीझ होती है। मैं पहले की ही भांति अपने नतिकतावाद से उस ओर किए रहता हूँ मगर वह उसका कोई उत्तर नहीं देती। हाँ कभी कभी कह देती है आपको विश्वास नहीं होता है क्या? मेरा प्रति प्रश्न—क्यों हां?

उसे फिर एक लम्बे अर्से के लिए चुप कर देता है। और अब भी मैं पहले की ही भांति उसे ताने मारता रहता हूँ। उससे जब अधिक बोला और सुना नही जाता तो वह अपनी पुस्तक को एक ओर पटक कर अपनी कुर्सी से मेरी कुर्सी पर निढाल आ पड़ती है।

बस तभी अपने को चित्रों की पृष्ठभूमि में स्पष्ट दिखने वाला पाचवा फनशक मेरी आँखों के सामने आता है। आज छुट्टी का दिन है रीता के लिए और मेरे लिए भी। उसकी परीक्षाएँ धीरे धीरे नजदीक आ रही हैं। उसे इन दिनों बहुत अधिक व्यस्त रहना पड़ता न ी है रहना चाहिए। उसकी स्वयं की पढ़ाई में कभी भी रुचि नहीं रही है। वह सब तो मेरी ही प्रेरणा है। मेरा ही दबाव है। एक हालात में भी यदि उसकी रुचि अध्ययन में हो सकती है तो वह शायद मेरी उपलब्धियों से प्राप्त प्रेरणाओं के ही कारण है। जो उसको वर्तमान जिन्दगी से बिल्कुल विपरीत मेरे शैक्षणिक क्षेत्र के कुछ अभीबोगरीब सब्जबाग उसे दिखाती है। वह सोचती है। वह एम ए करेगी पी एच डी करेगी और तब पोस्ट डाक्टोरल स्टडीज के लिए विदेश जायगी, विदेशों का भ्रमण करके लौट आने पर अपने ही देश में कहीं प्राध्यापिका बनेगी। अध्यापन में उसकी रुचि है— यह मैं अच्छी तरह जानता हू।

मुझे आश्चर्य होता है यह देख कर कि वह अपनी पुस्तक पढ़ने के स्थान पर कमरे में चारों तरफ अपने एल्बम के ढेर सारे चित्र बिखरा कर उनके बीच में बैठी है सभी चित्रों की केन्द्रीभूत सन्दर्भ बन कर। अपने आपमें कुछ भूली सी रीता मेरे आगमन से चौंकती है और सारे चित्रों को समेटने के प्रयास में जब अपनी दोनों बाहें फैलाती है तो मैं उसे ऐसा करने से रोक देता हूँ। मैं इतना शुष्क हृदय तो नहीं हू कि उसकी रुचियों में बिल्कुल भी रुचि नहीं ले सकू। सभी चित्रों को एक एक करके देखता हू। अधिकांश उसके पुरुष मित्रों, परिचितों और सम्बन्धियों के ही चित्र हैं। चित्रों को देख देख कर उन्हें एक एक करके रीता को देता जाता हू,

चित्र से सम्बन्धित अपने कमेन्ट्स के साथ। उन कमेन्ट्स में रीता से उन व्यक्ति-विशेषों के सम्बन्धों के भूत का विवरण, वर्तमान का विश्लेषण और भविष्य की घोषणा भी है। बहुत लोगों को मैं जानता हूँ कुछेक को व्यक्तिगत रूप से और अन्यों को रीता के माध्यम से ही।

कुछ चित्रों को वह ललचाई नजरों से देखती है तो कुछ चित्रों को उपेक्षा और घृणा की दृष्टि से भी। रत्ना के चित्र को देखकर जब मैं अपनी राय देता हूँ तो वह उससे सहमत नहीं होती। वह अबकी बार चुप नहीं रहती और कह देती है—'इनमें अब मेरी कोई रुचि नहीं है। पता है, कितना परेशान किया है मुझे और जब से सुरिन्दर कौर और रत्ना की बातचीत मैंने सुनी है तब से तो बस एकदम ही मन फट सा गया है एकदम नफरत सी हो गयी है। मगर क्या करूँ, कुछ समझ में नहीं आता है। अब की बार मैं निश्चय ही शादी के लिए आने वाले किसी भी 'ऑफर' को स्वीकार कर लूँगी अब रहा नहीं जाता है।

रीता के संग्रह में से अपने दो चित्र निकाल कर जब मैं अपने पास रखने लगता हूँ तो वह मुझसे छीन लेती है। मैं रीता को समझाता हूँ इनमें सारे भूतों में मेरा एक भूत कहाँ ठहरेगा तुम्हारे मन में? तो वह हँस देती है। भूत शब्द की द्विअर्थिक अभिव्यक्ति को समझ कर। 'रीता! या तो ये चित्र मुझे वापस लौटा दो अभी ही या फिर इन्हें फाड़ दो। इतने सारे लोगों में मैं भी रहूँ एक तरफ अनजाने, अनपहचाने रूप में — मुझे अपने लिए यह कुछ ठीक नहीं जँचता। तुम्हें इस बात की पूरी स्वतन्त्रता है कि तुम अपने परिचितों और मित्रों की सूची से मेरा नाम काट दो। उससे मुझे कोई दुःख नहीं होगा। लेकिन इसके विपरीत यदि तुम अपने लिए यह आवश्यक समझती हो कि मेरा नाम भी इन ढेर सारे नामों और सन्दर्भों के साथ रहे तो मेरी भी एक अपेक्षा है तुमसे। एक ऐसी अपेक्षा जिसे अपने व्यक्तित्व की प्रतिष्ठा के

लिए मैं अत्यधिक आवश्यक मानता हूं। वह यह कि मेरा नाम और मेरे सन्दर्भ इन सभी नामों और सन्दर्भों की सूची में सबसे ऊपर रहें। एक बहुत कठिन शर्त है रीता यह, तुम चाहो तो इसे मानने से इंकार कर सकती हो।'

रीता के आत्म-सम्मान को ठेस लगती है शायद। वह मेरी बात को नहीं मना करती है। वह चुप है। मेरी शर्त उसे मंजूर है शायद क्योंकि मौन स्वीकृति का ही लक्षण होता है। तब मैं उसे कहता हूं— तो रीता फिर ये दोनों चित्र तुम न अपनी मर्जी से फाड़ोगी और न ही अपनी मर्जी से मुझे लौटा सकोगी।'

ठीक है। लेकिन आप इतने बसे क्यों हैं? कुछ भी तो समझ में नहीं आता।' मैं उससे और कुछ नहीं कहता। मैं भी कहां चाहता हूं कि वह मुझे जितना समझी हुई है उससे और अधिक भी समझे। आदमी के व्यक्तित्व में कुछ गोपनीय हो तभी तो वह आकर्षण का कारण बना रह सकता है। मैं रीता जैसे व्यक्तियों में सब कुछ सीमाएं रखना पसन्द करता हूं। तभी तो मैं उसे इससे अधिक कुछ नहीं कहता। बस कह देता हूं—एक बड़ी अजीब सी बात जो मैंने कहीं पढ़ी है मुझे एकाएक याद आती है

If I q it your arms tonight
And chance to die before it is light
I would advise you and you might
love again tomorrow

वह मुझे एकटक देखती रहती है। उसकी दृष्टि में एक क्षोभ है एक शिकायत है और है एक बहुत पुरानी मांग। मुझे लगता है जब वह कुछ कहना चाहती है। मैं जब उसे इसके लिए उकसाता हूं तो वह बोलती है—'चक्रवर्ती! मुझे रत्नाकर के गर्भ रह गया है। मैं नहीं

चाहती थी मेरी शादी हो। क्या तुम आज ही मुझसे अदालत में चल कर सिविल मैरिज कर सकोगे। फिर हम कहीं दूर चले जाएँगे। इतनी दूर जहाँ हम जानने वाला कोई न हो। सच! चक्रवर्ती मैं इस जिंदगी से अब ऊब चुकी हूँ। क्या तुम यह एहसान मुझ पर करोगे?

मैं किंकर्तव्यविमूढ़ उसके चेहरे की तरफ देखता हूँ। उसके चेहरे में काफी पुरानी बसी अपेक्षाओं की वह रेखा अब शायद मिट गई है *उसने उस माग का रुख जो दिया है।* मेरी चुप्पी उसके दिल और दिमाग के खालीपन के लिए बहुत अधिक है। लगता है, जैसे उसका वश चले तो वह अभी मुझे झिंझोड़ कर रख दे।

'रीता मैं...!' इससे पहले कि मैं संयत होकर उसे कुछ कह पाऊँ शायद वह मेरी बात को ताड़ लेती है। वह वहाँ से चली जा रही है और...

और आज कानपुर से यह बिना चिट्ठी वाला लिफाफा मुझे मिला है जिसमें मेरे ही दो चित्र हैं। कानपुर की मोहर देख कर मुझे कानपुर वाले उस खन्ना की याद आती है जिसने रीता को कभी बहुत परेशान किया है, जिसमें रीता की अब कोई रुचि नहीं है जिससे उसका मन फट सा गया है, और उसे नफरत हो गई है। ●●●

दो

लक्ष्मी

बस्ती की एक मुख्य सड़क के बीच में मैंने भी एक ठेकेदार के एक साथ लगे आठ दस कोठों में से एक कोठा किराए पर ले लिया है। मेरे शुभचिंतक लोग कहते हैं—जगह अच्छी नहीं है। मगर मैं तो सोचती हूं, इससे और अच्छी जगह कौन सी होगी, और फिर मेरे जैसी नई पेशे वाली औरत के लिए तो कम से कम। जहां बिजनेस अच्छा चलता हो वही जगह तो अच्छी होती है। मेरे कोठे के सामने से सभी प्रकार के लोग गुजरते हैं, तभी तो थोड़ा बहुत धंधा चलता है।

यहां बैठते मुझे यह तीसरा महीना है।

सोचती हूं—कुछ भी हो कैसे भी हो 'उनके' लिए तो कुछ इंतजाम करना ही पड़ेगा। कल शाम तक भी जब कोई भी ग्राहक नहीं आया था तो उस ठेकेदार के लड़के को ही (जो शायद हम लोगों से

सबने मिलकर उससे अनुरोध किया था कि आज वह उन्हें कम से कम एक एक जाम तो पिला ही दे। बेचारा गरीब इन्सान। उसके बेटे को सालगिरह के दो चार दिन पहले ही उस मिल मालिक के बच्चे ने नौकरी से निकाल दिया था। वह गरीब कहां से लाता अपने अजीज दोस्तों के लिए एक एक जाम। मगर सालगिरह की खुशी में कुछ तो होना ही था। महमूद मेरा जिगरी है उसका बेटा मेरा बेटा है तो क्या मैं अपने उस बेटे की सालगिरह में दोस्तों द्वारा मांगी गई पार्टी आयो जित नहीं कर सकता था? नहीं क्यों कर सकता था? मैंने की थी और उस साली लक्ष्मी से पैसा लाकर सबको एक एक जाम नहीं एक एक पौवा पिलाया था। साली समझती है—मैं उससे लव करता हूं। सम झती रहे, मुझे इससे क्या मतलब है? मुझे तो बिना मेहनत किए पैसा मिलता है और मिलता रहेगा। कभी कदास एक दो प्यार के शब्द कह देने में अपनी गांठ का क्या जाता है? हां, उसे पोटता हूं तो कभी कभी प्यार भी तो कर लेता हूं। मगर तब भी वह निपट गधी क्या समझती है कि हाथी के दांत खाने के और होते हैं और दिखाने के और।'

लेकिन हां मैं मित्रों के लिए इतना करता हूं तो भी मित्र क्या मुझे अक्सर कहते रहते हैं। जिनमें वह कम्बख्त किशन तो पूरा आदर्शवादी बना फिरता है। लेखकों में यह आदर्शवादी वाली खब्त होती ही है—जाने क्यों? छोड़ दूं उसकी दोस्ती, मगर नहीं छोड़ पाता चाहते हुए भी। क्योंकि वैसे दोस्त मुझे कम ही मिले हैं। वह तो मेरी सोसाइटी में रहने की बात तो और, फिर कर देने भी हम लोगों के साथ जबरदस्ती करने पर हो गया है। मगर तब भी कहता बहुत है—'अशोक तुम्हारी यह डयूअल पौलिसी ठीक नहीं है। लक्ष्मी बेचारी कितना करती है तुम्हारे लिए जान देती है मगर एक तुम हो कि तुम्हारे कानों पर जूं तक भी नहीं रेंगती। उस खूब सूरत जान

को क्या सुनाते हो ? शादी क्या नहीं कर लेते ? यह तो कहता नहीं। कहता है—'रख क्यों नहीं लेते उसे अपने पास।' तो क्या उसे मालूम पड़ गया है कि लक्ष्मी मेरी विवाहिता पत्नी है जिसे मैंने छोड़ रखा है। कह दिया होगा उस लक्ष्मी की बच्ची ने। उसी की बात में आकर दूसरे फ्रेण्डस भी कहने लग जाते हैं तुम हम लोगों में ठीक हुए तो क्या हुआ ? उसके पवित्र प्रेम को तो धोखा देकर ही हम लोगों को खिलाते हो।' शर्म आनी चाहिए, जानते हो वह तुम्हें पैसा देने के लिए ही दो दो दिनों तक भूखी भी मर लेती है।' अरे बेचारी की आंख में भी कितनी शर्म है, हम जो उधर से गुजर भी जाते हैं तो घूंघट सा कर लेता है। इतना अर्सा हो गया अभी तक नहीं समझे क्या। वह रूप में एक पवित्र आत्मा है। महादेवी है। अशोक अपनी आंखें खोलो।

ऐसा लगता है कि जैसे कंवलजीत ने सबको सामने बैठाकर अपनी दर्द भरी कहानी सुना दी हो।

लक्ष्मी

काफी दिन हो गए हैं। साथवालियों से पैसा उधार मांगते हुए अब नहीं सहा जाता। शायद रकम सैंकड़ों पर पहुँच गयी है। कुछ भी करूँ अशोक के लिए तो पैसों का इन्तजाम करना ही पड़ेगा। बस वे एक प्रसन्न हैं मुझसे तो मुझे और किसी की चिन्ता नहीं। आखिर तो मेरे भी वे दिन कभी लौटेंगे जब अशोक ने मुझसे प्यार किया था। हनीमून मनाने हम विलायत गए थे। मगर जब शादी के आठ साल बाद भी मुझे परमात्मा ने बच्चा नहीं दिया था तो बस । आगे नहीं सोचूंगी। मगर आदमी भी क्या होता है ?

आजकल तो ग्राहक आने भी बहुत कम हो गए हैं। चार २ पांच २ दिन तक कोई नहीं आता। लोग कहने लगे हैं— 'पहले सी नहीं रही, वह घूंघट वाली नहीं रही अब बुड्ढी हो गई है। दो दो रुपयों के नोट कोई रास्ते में फेंकने के लिए थोड़े ही हैं?' और हां, हो भी तो जोधपुर से नई आ गई हैं अभी तो उनके पौ बारह है।

अभी यहां जो एक दो आती हैं एक दो हफ्ते में वे भी खत्म हो जायेंगी क्योंकि अभी इन नई दोनों को भी बहुत से लोग नहीं जानते।

ये दोनों जोधपुर से आई हैं तो क्या मैं जोधपुर जाकर नई नहीं हो सकती? हो सकती हूँ, तब फिर तो अच्छी तरह से अपने मनोज को रुपए भेज सकूंगी।

— तब मनोज फिर पहले की तरह मनोज मनोज हो सकेगा। उसके लिए वे कितने अच्छे आदमी हैं।

— हां, हो सकता है अगर मैं उन्हें खुश रखूं तो शायद वे मुझे फिर रखना पसंद करेंगे।

किशन (जो) लक्ष्मी मुझे इसी नाम से पुकारती है।

मैंने लक्ष्मी को बीकानेर के ही एक प्रसिद्ध जनमार्ग पर एक कोठा लेकर बैठे देखा है। लक्ष्मी के या को देखा है उसकी नारी को देखा है। अपना व्यापार करती है। दो दो रुपए में कोई भी उसे कुछ समय के लिए खरीद सकता है—कितना घृणित काम है कैसी कुत्सित कल्पना है वह कल्पना नहीं यथार्थ है। लेकिन क्या हुआ? वह भी नारी भी है—यह कौन देखता है? उसका प्रेम कितना पवित्र है मनोज को वह अपना देवता मानती है। अपना आराध्य समझकर पूजती है उन्हें। उन्हें पैसा देने को स्वयं भले ही भूखी रह जाय मैं

आकि जो उसके अपने हैं उन्हें वह कैसे अस तुष्ट रक्खे ?

कितना पवित्र प्रेम है कितना ऊंचा आदर्श है ? यह मेरे अथवा मेरे पाठकों के अतिरिक्त और कौन समझ सकेगा वह भी एक नारी है, उसके भी एक पेट है, उसे भी एक नारी की भांति जीवन में प्रेम की भूख है।

और हां अशोक को भी देखा है। वह भी हमारे बीच का ही एक इन्सान है। सच्चा मित्र कहूँ उसे। उसने मुझे भी अपने और दोस्तों के साथ कई बार पिक्चर दिखाए हैं। मित्रता के नाते मानता हूँ उसका आभार मगर यह कहे न कहूँ कि वह दुष्ट भी है, निकम्मा इन्सान एक पेरासाइट जो दूसरों पर जीता है। कभी सुना था—"ए पेरासाइट इज वन हू लिव्ज अपान अदर्स।'

कितनी बार समझाया उसे—' क्यों बेचारी गरीब जान को मारता है ?' मगर उसे क्या उसके दिमाग में तो कुछ बैठे तब न।

अभी तक तो उसकी बात मैंने किसी को बताई नहीं है, मगर अब मुझे उम्मीद है पूरी, कि जब बात यों खुल ही गई है तो वह अपनी लक्ष्मी को फिर से अपना ही लेगा। ●●●

तीन

गुरुदेव का पत्र सुरेखा के नाम

२५-६ ६१

सुरेखा,

इतनी भीषण गर्मी में किसी भी लालच में तुम्हारी दिल्ली आने के लिए मैं सनकी नहीं था, मगर जब लाख कोशिश के बावजूद भी अपने आपको न रोक सका, तो तुम्हें बिना सूचित किए ही जयपुर से रात का आठ घण्टे का सफर तय करके दूसरे दिन दिल्ली जा पहुंचा। मनुष्य पा स और रमोश स का कितना बड़ा दास है। रवाना होने के एक सप्ताह पूर्व तुम्हारे पते पर पत्र डालकर पहले पता तो कर ही सकता था कि तुम जल्दी ही सुरेश के साथ किसी बड़े हिल स्टेशन को जा रही हो, मगर दो तीन सालों पहले की तुमसे की हुई भेंट की स्मृति और तुम्हारी राज्य सरकार कला अकादमी द्वारा, तुम्हें राज्य की सर्वश्रेष्ठ चित्रकर्त्री के सम्मान से सम्मानित

किए जाने के दनिक समाचार पत्र क ममाचार ने अम मुझे एकदम से झकझोर ही डाला। अपने काम म अधिक अवकाश न होने पर भी मैं अपने आपको रोक न पाया।

चार पाच साल पहले मेरी कही गई बात शायद तुम्हे अब जब तब याद आती होगी जब मैंने तुम्हारी अन्य सहेलियो—ऊषा, रत्ना और कचन आदि की तुलना मे तुम्हे एक बहुत अच्छा और कुशल कलाकार बताया था। तुम्हे अपनी एक योग्य छात्रा के रूप म इस सीमा तक सराहने क अतिरिक्त मैं और कर ही क्या सकता था ? तुम्हारे कला के निर्माता उन सुदर गोरे गोरे हाथो तथा हर चीज क अतस म पैठ कर सूक्ष्मतम निरीक्षण करने वाली उन नुकीली आखो की मैं और किन शब्दो म सराहना करता ? मैं भी तो चित्रकला का एक अदना प्राध्यापक ही था कोई कवि या लेखक तो था नहीं जिसे अभिव्यक्ति के नाम पर किए गए हर जुर्म से माफी होती है। अकादमी का इतना बडा पुरस्कार और सम्मान पाकर निश्चय ही तुम्हे कुछ अजीब सा लग रहा होगा मगर मैं जानता हू तुम इस सबका अनुभव करती थी। निश्चय ही एक गृहस्थिन का गृहस्थ से बाहर के किसी एक क्षेत्र म, इस प्रकार या एकदम चढ जाना, हम परम्परा वादियों को कुछ अटपटा सा जरूर लगता है मगर तुम्हारे पति का तुम्हे मिलने वाला यह प्रोत्साहन, निश्चय ही तुम्हारी इस उपलब्धि क लिए एक सौभाग्य था। वह पति भी मुरखा निश्चय ही एक साधारण पति नही है जिसका प्रोत्साहन उसकी पत्नी को गृहस्थ क बाहर के ऐसे किसी क्षेत्र म इतनी बडी उपलब्धि करा सकता है।

——मगर सुर ! तुम्हारे इस पति क बारे मे क्या कहा जाय, जिसके बारे म तुम्हारी पत्नीमित्र सहेली ने मुझे बताया है कि वह तुमसे सन्तुष्ट नहीं है। ऐसा क्यों है ? क्या

मानवो से भी कोई असतुष्ट हो सकता है ? मुझे तो समझ म नही आता क्या हो जाता है इन पतिया को ? आदमी की अपेक्षाओ की सीमा आखिर कहा तक है, क्या उससे भी आगे है कही, जहा एक पक्ष दूसरे पक्ष के सतोष क लिए अपना तन, मन धन सभी कुछ अर्पित कर देता है। भारतीय सस्कृति का नारी जाति को दिया हुआ यह दुर्भाग्य भी क्या एक पति क सतोष के लिए काफी नही है। सुरे ! मैं तुमस एक बार मिलना चाहता था। और तुम्हारी पडोसिन से हुइ मेरी बातचीत के बाद तो बस एकदम ही तुमस मिलने को बचन हो उठा था मगर विवशताओ की भी अपनी एक अलग शक्ति होती है न। तुम तो चली गई थी मै भला फिर किससे कुछ पूछता, किससे कुछ सुनता ?—जब रहा नही गया तो तुमसे कुछ सुनने भर ही के लिए अपने अ दर उमड़ते घुमडते तूफान को ठण्डा करने के लिए ही तुम्ह कुछ लिखने बठ गया हू ।

आशा है, जब तक तुम्हारे पास यह पत्र पहुँचेगा तुम दिल्ली पहुच जाओगी। तुम्ह अधिक दु खी नही कर गा, मगर एक शर्त पर कि लौटती डाक से अपनी सारी स्थिति खुलासा लिख कर मुझे भेजोगी।

अपनी अपूर्व उपलब्धि क लिए मेरी हार्दिक बधाइया और आशीर्वाद लो।

पूर्ववत् स्नेह क साथ ही—

तुम्हारा,

रवि बनर्जी

गुरेवा का पत्र ऊषा के नाम

३०-६-६१

ऊषी,

आज चार साल बाद अचानक फिर इस तरह मेरा पत्र पाकर तुम्हें आश्चर्य तो जरूर होगा, मगर वेदनाओं से ऊपर तक भर गए मन को उनके लिए कोई न कोई आउटलेट तो ढूंढना ही पड़ता है न। हर पात्र की एक निश्चित कपासिटी होती है - द्रव ठोस या गैस पदार्थ को अपने अंदर रख पाने की उस कपासिटी से अधिक डाला गया पदार्थ या तो स्वतः ही उसमें से सहज रूप में बाहर निकल पड़ता है या फिर यदि वह अवरुद्ध किया जाय तो अपनी शक्ति संगठित कर उस पात्र ही को भंग कर डालता है। वेदनाओं और रोज के नए नए उपालम्भों और तानों को सुनने वाले मेरे मन और मस्तिष्क को भी अब यही दशा हो रही है मुझे लग रहा है। शायद वेदनाओं और तानों को अपने अंदर रख पाने की अथवा सहने की उनकी कपासिटी समाप्त हो गई है या फिर उनका परिमाण अनायास ही आवश्यकता से अधिक बढ़ गया है।

ऊषी! कहते हैं दर्द कहने सुनने में हल्का हो जाता है। अंदर के तूफान को जब कोई राह मिल जाती है तो वह फिर और नहीं भड़कता। तुमसे रेस्पोंस मिले न मिले, मुझे इसकी चिंता नहीं है मगर अपने जी का यह झूठा दावा तो दे लूं।

शादी के वक्त मेरे पति के बारे में जो धारणा तुम्हारी थी वही मोटे रूप में मेरी भी थी। ऐसा सुंदर आकर्षक और हंसमुख व्यक्ति इतना दुःखदायी और शक्की भी हो सकता है यह कल्पना

मैंने स्वप्न में भी नहीं की थी। मगर अब क्या तू मेरे इस लिखने पर विश्वास कर सकेगी कि मैं यहां अपने तन और मन से पतिव्रता होकर भी अत्यधिक कष्ट में हूं।

जिन कुन्दन के से खरे चरित्र वाले और पारस से उदार परोपकारी अतिमानव गुरुदेव रविबाबू के सम्बन्ध में हम लोग कभी *स्वप्नावस्था में भी सन्देह न कर पाए उन्हीं पर दिन में हजारों बार* व्यंग्य भरे कीचड़ उछाल कर भी उन्हें चैन नहीं मिलता। मेरी हर क्रिया में उन्हें एक गम्भीर षड्यन्त्र रचा हुआ दिखता है। मेरी हर बात उन्हें धोखे और छल से भरी हुई नजर आती है। मेरे सोचने पर भी यहां प्रतिबन्ध है एक मिनट के लिए भी चुप बैठ कर गम्भीर मुद्रा में मैं रह नहीं सकती। घर हर लिखने पढ़ने पर सन्देह किया जाता है जिससे मैं घर से बाहर कहीं किसी को पत्र जैसी कोई चीज न लिख दूं विशेष कर गुरुदेव को जिनकी उनको हर पल हर वक्त आशंका रहती है। मैं घर से बाहर नहीं निकल पाती मेरे चारों तरफ पहरा रहता है। और तो और महीनों हो गए, कूची को मैंने हाथ भी नहीं लगाया। कितनी बार उनसे मिन्नतें कीं मगर वे पत्थर दिल कहां पसीजे? मिन्नतें बाहर निकलने देने की नहीं पत्र लिख पाने के लिए भी नहीं, महज चित्र बना पाने की अपने दिन भर के थके शरीर और मन को दो घड़ी कूची की खींची हुई उन रेखाओं और इन्द्र-धनुषी रंगों में डूब जाने देने भर की। मगर जाने क्यों? मुझे समझ में नहीं आता जब भी मैं अपनी इस हॉबी की कोई बात करती हूँ, वे झुंझला कर कह उठते हैं– बस झगड़ा तो इसी बात का है। मैं नहीं समझती इस बात का क्या झगड़ा हो सकता है? सिर्फ यही कि मैंने अपना हर चित्र नया या पुराना गुरुदेव को सादर भेंट कर रक्खा है। यही *बस इतना सा ही मेरा यदि कुसूर है तो मैं कुसूरवार ही*

रहना चाहती हूँ। व मुझे समझ क्यों नही पाते ? मैं नहीं मानूंगी। ऊषा ! मानिनी सुरेखा को तो तुम जाननी ही हो न। आखिर हमारी श्रद्धाओं का भी तो कोई मूल्य है न। पति को हमने अपना प्रेम दिया। अपना तन और मन सर्वस्व अर्पण किया तो क्या अपनी श्रद्धा भी अपने उन गुरुदेव के श्री चरणों में अर्पित नहीं कर सकतीं जिन्होंने हमारे बाल्य के स थाये नारीत्व को कला के स्वर दिए हमारे पोर पोर को जगा दिया, कालेज के वातावरण में निरन्तर हमारे युवा और उच्छृंखल मनों को कला के संयम और अनुशासन में बांध कर हमें किसी के योग्य बनाया। मेरी यह श्रद्धा ही यदि मेरा दोष है तो मैं दोषी ही ठीक सही। क्योंकि मुझे पता है मैंने उनके शंकालु मन को समझाने के क्या क्या प्रयत्न नहीं किए। जाने क्यों इन पतियों की शंकाओं की कोई सीमा भी नहीं है ? खास कर सी आई डी में होकर तो आदमी कभी भी एक सफल पति नहीं बन पाता।

रहा भी तो नहीं जाता इस तरह, और छोड़ने में भी निस्तार नहीं दीखता। कोई रास्ता सुझाना आभार मानूंगी।

तुम्हारी पहले सी ही—

सुरेखा

सुरेश का पत्र रॉब बनर्जी के नाम

२०-६-६१

आदरणीय तथाकथित गुरुदेव !

सादर प्रणाम ! कला के माध्यम से भोली भाली सुशील लड़कियों को फंसा फंसा कर उनके भरे पूरे घरों में आग लगाते हुए क्या आप किंचित भी नहीं सकुचाते ? मानता हूं आपकी इस अटकल-बाजी के लिए फाइन आर्ट्स, लिटरेचर या पालिटिक्स जैसे कई सुविदित

साधन आप जैसे लोगों के पास रहते हैं मगर उनका सद्गृहस्थियों का भविष्य बिगाड़ने में ऐसा उपयोग क्या ठीक है ? मैं और आप सभी जानते हैं कि कानून के पास ऐसी परोक्ष बातों के लिए प्रत्यक्ष रूप से कोई उपचार नहीं है मगर इसका यह तो अर्थ नहीं होता कि आप अपनी अच्छी भली कला का यों दुरुपयोग करें। फिर भी आई पी सी में, ऐसे अपराध के लिए तो सजा है ही जिसमें कोई किसी की पत्नी को उसके खिलाफ या अपने फेवर में फुसलाने का ऐसा प्रयत्न करता है। आपकी सूचना के लिए मैं इसे यहां बताना आवश्यक समझता हूं।

गुरुदेव ! मैं आपको सूचित कर दूं कि सुरेखा को लिखा गया २८-६-१ का आपका प्रेम पत्र उसके सौभाग्य से मुझे मिल गया है। यद्यपि उसने तो अपनी तरफ से यह कह कर कि उसके पास एक चिट्ठी आई है यदि मैं उसे देखना चाहूं तो वह मुझे दिखा सकती है भरसक प्रयत्न किया था, कि ऐसे मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करके मुझे वह आश्वस्त कर देगी कि मैं उसका वह पत्र नहीं देखूं मगर गुरुदेव आखिर तो मुझे भी इसी सो साई की कृपा से ही सत्संग करते हुए ही इस मार्ग हो गए हैं। पत्र तो मुझे देखना ही था।

मनुष्य मन में और दर्शन में कितना बड़ा दाग है। आपका पत्र साधारणीकरण से निश्चय ही बहुत बहुत जमा। जब सुरेखा का कथा प्रकाशनी भाग मिलने वाला पुरस्कार तो, आपने लिख दिल्ली मात का पत्र प्रकाश बताना हो गया था मगर मैं मानता हूं वास्तव में बात कुछ और ही थी। आप एक वक्त और कथन होकर दिल्ली जाने का पता था अब न ा है कि सुरेखा ने नि वद । इस भी तो बार पत्र आपको जिस होटि विराम उसमें आपको बुलाया जाता। इसी तरह में भी घर दिल्ली आए, और न । किंतु सुरेखा न आ सके साथ दिखता न जाने के लिए कहा कि कहने नहीं फिर-यह बता इस बार

की सूचना नहीं देता कि आपके पूर्व निश्चित कुछ कार्यक्रम थे।

कलाकार साहब! मानता हूँ, आपका सुरुचि बोध भी काफी परिष्कृत है। आपने लिखा है न सुरेखा को,

तुम्हारी कला के निर्माता उन सुन्दर सुन्दर गोरे गोरे हाथों तथा हर चीज के अन्तस में पैठ कर सूक्ष्मतम निरीक्षण करने वाली उन नुकीली आँखों की मैं और किन शब्दों में सराहना करता!

मगर यह इतना परिष्कृत सुरुचि बोध कहीं उल्टा आपकी ही जान का ग्राहक न आ बने, इस सद्भावना और सहानुभूति के साथ मैं आपको प्रथम और अन्तिम बार यह लिख देना चाहता हूँ कि भविष्य में सुरेखा से किसी भी प्रकार का मानसिक या पत्रों का सम्बन्ध आपके हित में अच्छा नहीं होगा। वैसे आप स्वयं समझदार होंगे।

आपका शुभेच्छु

सुरेन

उषा का पत्र सुरेन के नाम

७-७-६१

आदरणीय जीजाजी,

सादर नमस्कार। मेरा पत्र पाकर निश्चय ही आपको आश्चर्य होगा मगर आपके द्वारा पत्र में किए गए आश्चर्यों से वह आश्चर्य कहीं कम है। उनकी यों खुल्लम खुल्ला (बेशर्मी से) चर्चा करना मैं पहले जरूरी समझती हूँ। वय में छोटी होते हुए भी ऐसा पत्र लिखने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की धृष्टता अवश्य ही करूँगी, आशा है क्षमा कर देंगे। आपको शायद यह जानकर अधिक आश्चर्य नहीं होगा कि पिछले पाँच दिनों से सुरेखा मेरे ही यहाँ है। अच्छा होता यदि वह आपके यहाँ ही घुट घुटकर मर जाती और मर कर भी कम से कम अपने पातिव्रत और

स्वामिभक्ति का तो सबूत दे पाती मगर कहा आपने उसके दुर्बल मन और तन में इतनी शक्ति ही कहा छोड़ी थी कि वहा रह कर अपने अंतिम क्षणों का अनीता तक कर पाती। आप जानते होंगे मगर फिर भी इस बात को दोहरा देना जरूरी है कि सुरेखा के शरीर के हर हिस्से में आपकी कृपा का कोई न कोई चिह्न है अब भी है इतने सात दिनों के बाद भी और, उसके मेरे यहा आने से लेकर उसी दिन से शहर के अच्छे से अच्छे डाक्टर से उसका इलाज कराते रहने पर भी अभी तक उसने बिस्तर नही छोड़ा है। यदि एक पति एक चरित्रवान और पतिव्रता स्त्री की अपेक्षा रखता है तो वह स्वयं क्यों एक साधारण पति नहीं रह सकता ? सुरेश बाबू शायद आपको यह पता नही है कि सुरेखा ने पिछले पाच दिनों से कुछ भी नही खाया है, महज इसलिए कि पति के खाना खाने से पहले खाने की न तो उसकी आदत ही है, और न उसे खाना भाता ही है। उसे अब अपनी जिन्दगी से जिसे आपने अकारण ही उसके लिए बोझ बना दिया है कोई भी मोह नही है। यदि उसका हर समय ख्याल न किया जाता तो वह अभागिन कभी की मर गई होती मगर शायद आपको पता नही है कि वह सिर्फ आप ही के एक बेकुसूर बच्चे के लिए, जो पिछले तीन महीने से उसके गर्भ में पनप रहा है, जिन्दा है। और महज इसी आशा में कि भगवान एक दिन आपको सद्बुद्धि देगा, उसकी अटूट पतिभक्ति के लिए आपके विकृत मस्तिष्क में कुछ सद्भावना जगाएगा। गुरुदेव के पत्र में सुरेखा ने एक बार मुझे पूछा था आदमी की भावनाओं की सीमा आखिर कहा तक है ? क्या उससे भी आगे है कहीं जहा एक पशु दूसरे पशु के संतोष के लिए अपना तन मन और सभी कुछ अर्पित कर देता है ? सुरेश बाबू ! गुरुदेव को मैं भी उतनी ही श्रद्धा से अपना सर्वस्व अर्पण करने को तैयार हूँ सिर्फ इसलिए कि उनका मन बर्फ की तरह साफ और चमत्कार है। प्रेम यदि मानव मन की भाषा है तो श्रद्धा क्या उसका अधिकार नही है ?

जीजाजी ! सुरेखा के एकदम से यों चले जाने का आश्चय जरूर होगा, लेकिन अब उसके दुबल शरीर म बसने वाल दृढ मन ने भी यह प्रतिज्ञा कर ली है कि वह स्वय आपके यहा आकर अकारण आपकी मार नही सकेगी। सच्च मन का आत्म बल शायद आपने अभी तक देखा नही है, अब देखिएगा।

आपको अप्रिय लग सकने वाले इस प्रलाप के लिए क्षमा माग कर मैं परमेश्वर स आपको सद्बुद्धि देने की प्राथना करती हू।

आवश्यक समझे तो यहा दम तोडती अपनी आग भी पवित्र धम पत्नी को आकर ल जाए।

अपने हृदय की समस्त शुभकामनाओ के साथ

आपकी,

ऊषा

गुरुदेव का पत्र सुरेश के नाम

३-७-६१

सुरेश बाबू

आपका कृपा पत्र मिला। सुरेखा जैसी आदश पत्नी के सबध म आपके पूर्वाग्रही मन की कुछ शिकायतें मैंने आपके पत्र मे देखीं। मुझे कष्ट हुआ यह जान कर कि उसकी निर्दोष श्रद्धाए ही आपके असतोष और अव्यवस्थित पारिवारिक जीवन का एक मात्र कारण हैं। आपकी दृष्टि म यदि सारा दोष मरे ही कारण है तो मैं आपके सामान्य जीवन के सुख के लिए किसी भी सुरेखा को अपनी एक छाया

तक स भी इ कार कर सकता हू। वसे आपन मुझे इतना रोष भरा पत्र लिख कर और सुरेखा क अनुकरणीय चरित्र पर छीन्टाकशी कर निरथक ही अपनी शक्ति और श्रम का अपव्यय किया है। सुरेश बाबू! सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए पूर्वाग्रहों और व्यर्थ क मतयो को छोडना पडता है उनक लिए पति पत्नी म एक दूसरे के प्रति आस्थाओ और विश्वास का आवश्यकता होती है।

सुरेखा स कहियेगा यदि वह मुझे श्रद्धा की दृष्टि स दखती है तो वह आज ही स कम स कम मर ही लिए अपनी पेंटिंग की हाबी को छोड द। और यदि आप अधिक उदार न सकत हैं और एक अच्छी पत्नी की चाह क साथ साथ उसका मानसिक विकास भी आवश्यक समझते हैं तब फिर आपको प्रयत्न करके एक अच्छा पति बनना पडेगा।

आवश्यकता समझे तो याद करियेगा।

आपका ही,

रवि बनर्जी

सुरेश का पत्र ऊषा के नाम

१० ७ ६१

ऊषा

तुम्हारे और गुरुदेव रवि बाबू के दो पत्र मिले। सुरेखा को लेने मैं कल ही तुम्हारे कानपुर पहुँच रहा हू। सुरेखा क सम्बन्ध में तुम्हे जो कष्ट हुआ उसक लिए, उसकी और अपनी तरफ स क्षमा मांगता हूँ। उसे मना कर रखना।

सुरेश

चार

जैसे एक कविता और एक उपन्यास सरला और मैं—यूनीवर्सिटी की साउथ विंग के एक कोरिडोर मे एक किनारे पर बैठ थे। सरला—सुन्दर कलात्मक आवरण एक भ्रम सा कुछ, जो दिमाग को बगैर परेशान किए आसानी से समझ मे नही आता। कितना सुन्दर नमूना था एस्थटिक्स का। कभी भी किसी भी क्षण हर किसी से कहला देता—बहुत सुन्दर। और वही बहुत सुन्दर मेरे सामने कविता सी लिपटी लिपटायी, अपने आप मे उलझी सरला बोर बैठी थी। मेरा मूड ठीक नही था।

सरला! डिड यू सी मेडन एण्ड द फिलास्फर?'—मैंने पूछा। 'बोर करे बिना क्या तुमसे नही रहा जाता? अमित! मैं मानती हूं बस कि लड़किया इन्टलीजेन्ट नही होतीं। मैं एक कविता हू—और तुम एक नॉवल अनुभूतियों का रोचक अध्याय। पूरे जीवन की एक खुली किताब। जैसा कि तुम कहते हो। बट आई डू नाट अण्डरस्टैण्ड व्हाई वाण्ट यू बिहेव?

डा० सिंह की छोटे छोटे कदमों वाली प्रोफेसराना चाल मुझे कभी नहीं भाई। शायद वही थे। पास से निकलते हुए बोले— हलो अमित। हाउ डू यू डू ?

मैं एस चौंका, जैसे एकदम खून में पकडे गए हो हम ! मैं जवाब दे पाता उससे पहले ही वह आगे निकल गए थे।

सरला के पास लौटा तो वह प्रश्नसूचक दृष्टि से मुझे ऐसे देख रही थी जैसे उसका शून्य में छोड़ा गया प्रश्न अब भी लौट कर आएगा और मुझे परेशान करेगा। मैं उसके प्रश्न को भूल कर अपने सामने बैठी सरला को देख रहा था बल्कि उसे एकटक देख कर जैसे आज याद करने की कोशिश करने लग रहा था। सरला—भूली भूली सी दो आँखें। शायद वही दो आंखें थी जैसे सरला हो। दुनिया भर को भूलती हुई आंख ही मेरे लिए इस दुनिया में जैसे याद करने भर को रह गई थी। मैंने अब तक किसे इतना देखा था—जितना सरला को, उसकी आखों को देखा था। भूल सकता है भला कौन तुम्हारी आंखे।—लुध्यानवी की गजल ! उनके बाद तो और क्या था ! बस सावला सा रंग, सादगी की एक जीती जागती तस्वीर। न क्रीम न स्नो न रूज लिपिस्टिक न और कुछ। बालों में तेल भी एक बहुत सीमित मात्रा में सभाल कर कर लगाया हुआ।

सुडौल साचे में ढले शरीर पर अत्यधिक सोबर रंग की एक साड़ी और उसी से मैच करता ब्लाउज।

आंखों के बाद उसकी सादगी और चुप्पी ने मुझे परेशान कर रखा था। क्या एक लड़की सबके साथ में को एजूकेशन में पढ़ते हुए भी उतनी चुप रह। चुप रह कर पढ़ना-लिखना होता है तो प्राइवेटली एम ए क्यों न। कर लिया जाता है ? इतना रिजर्व रहने में

क्या अर्थ हो सकता है ? रिजर्वनेस उसकी विवशता है, अथवा उसका चारित्रिक गुण—यह रहस्य मुझे कभी समझ में नहीं आया।

शायद यही विचार अक्सर मेरा मूड खराब कर देता था। इतना अधिक अपने अन्दर रहने की, और साथ ही मेरे जैसा एक अत्यधिक एक्स्टोवर्ट फ्रेंड चाहने वाली—इन दोनों बातों का कहां मेल बैठता था मुझे कभी समझ में नहीं आया। मैं एक शताश में भी उसके और मेरे काफी दिनों से चलते आ रहे परिचय से संतुष्ट नहीं था। कुंठाओं को अपने अन्दर जगह देते रहने से तो अच्छा था ऐसे सम्बन्ध को एकदम से तोड़ दिया जाता। मगर कमजोरियां आदमी से इतनी जल्दी अलग कहां होती हैं ? सरला से मैंने बहुत बार कह दिया था कि वह मुझसे मिलना छोड़ दे। मगर कुछ दिनों के बाद मेरा मन मुझे फिर उसकी तरफ खींच ले जाता और मैं कभी किसी ठंडी सुहावनी सुबह में यूनीवर्सिटी के पुस्तकालय में किसी पुस्तक में उलझी सरला से जाकर कह देता—'गुड मार्निंग ! हाउ डू यू डू, सरला !

या फिर वही स्वयं काफी दिनों की चुप्पी के बाद जब सहन-शक्ति का बांध टूट सा जाता, चुपचाप लाइब्रेरी के एक कोने में बुला कर मुझे कागज का एक मोटा सा पुलिंदा पकड़ा कर ऐसे चली जाती, जैसे हम दोनों एक दूसरे के लिए बिल्कुल अजनबी हों और उस पुलिंदे का आदान प्रदान किसी अत्यधिक जरूरी कारणवश ही किया गया हो।

मैं सोचने लगता कौन सा रूप है मानव सम्बन्धों का यह जो न परिचय की सज्ञा में आता है और न ही मैत्री की सज्ञा में। कितना अनकन्वेंशनल है फिर भी कितना यथार्थपूर्ण है—कम से कम भारतीय कोएजूकेशन के संदर्भ में। विचारों से कितनी प्रगतिशील है आधुनिक भारत की विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली यह नारी ! लेकिन,

सम्मुख मे किस पहूदे, दकियानूमी ढग स अभिव्यक्त होकर आती है। मानव सम्बन्धो का आखिर कौन-सा रूप है यह!

मैं नाहक ही चिडचिडा हो उठता हूँ। मगर नाहक ही क्यो? जो सम्मुख है, वह इतना दुरूह ही क्यो बना रह? यह चुप्पी यह रिजर्वडनेस और मत्री चाहत हुए भी साथ ही जान बूझ कर रखी गई इतनी दूरी। जब मैं उसे काट खाऊगा। जब मैं आदमियो मे से न होकर कुछ और ही हूँ।

मेरी भुभलाहट मुझे दिन भर परेशान किए रखती है। सरला के चहरे मे भी एक विवशता है जसे वह चाहती बहुत है मगर उसे उस 'बहुत मे स उपल ध बहुत कम है। मैंन उसे बहुत बार समझा दिया है—' तुम्हारे और मेरे परिचय और मत्री के बारे मे लोग स्क डल खडे करते हैं। तुम डरती हो और डर कर फिर मुझम कइ दिनो क लिए अजनबी हो जाती हो। *क्या यह सब तुम्हारा एस्केपिज्म नही है—एक पलायनवादी प्रवृत्ति जो महज आदमी के आत्म विश्वास की कमी को और बढाती ही है कम न ीं करती!* और यह एस्केपिज्म भी ऐसे नाहक मे खडे किए स्क डल का हल थोड ही है। जब हम अजनबी रह कर एक दूसर म आख बचा बचा कर य ा निकलत रहगे स्क ड ल्स तो तब भी रहगे। क्यो न बोल्ड होकर स्वाभाविक रूप मे रहना सीख लती हो।

मगर सरला क्या कर? वह भी तो और लडकियो की ही तरह एक हि दुस्तानी लडकी ही है।

सरला की इस विवशता स जो यहा उसके विश्वविद्यालय क जीवन म उसका चारित्रिक गुण सा बन गया है मुझे खीज होती है और मैं फिर आज तीसरी बार 'मयूर म लगे दायरा म घुस जाता

हू। आखिरी दिन का दायरा' का यह सेकंड शो।

कितना मार्मिक कहानी है। रूढिवादी समाज द्वारा खीचे गए दायरे से कहानी की नायिका और नायक, लाख ताबड तोड कोशिश करते रहने पर भी बाहर नही निकल पाते—ये दायरे कितने सत्य हैं! कितने कष्टदायी हैं! तब भी आदमी को कितने प्रिय हैं, प्रिय हैं तभी तो आदमी इनको छोड कर, इनको तोड कर इनसे बाहर नही निकल जाता है।

मेरा सिर और भारी होने लगता है और मैं बाहर निकल आने की सोचता हू तभी किसी परिचित से स्वर को सुनकर चौंक पडता हू जो शायद मेरे ठीक पीछे से आता है।

लगभग ८-१० सीटों की दूरी पर मैं देखता हू, सरला कितनी वफिक्र होकर इस अधेरे मे सिसकिया भर रही है जहा जोर से बोलना तक भी एकदम मना है। शायद उसका भावक मन कहानी की नायिका से अपना तादाम्य स्थापित कर बठा है। उसके साथ का नायक उस 'पागल 'बेवकूफ और 'बच्ची' जाने क्या क्या कह कर चुप करने की कोशिश मे है ताकि उसके अन्य साथ के दर्शकों की ओर से आरहे विरोध की मात्रा म कुछ कमी हो सके।

मुझे यह सब सह्य नही है। मैं झपटकर बाहर निकल आता हू। मेरा सिर फट रहा है। मैं दिसम्बर की ठण्डी रात को एम आई रोड पर स्टेचू सर्किल की तरफ से घूमते हुए निकल पडने के इरादे से चल पडता हू।

मुझे याद आती है—एक निमत्रण की। राज्य के मन्त्री महोदय के यहाँ डिनर पर। घडी मे ८ बजे हैं। मैं स्टेशन रोड की तरफ घूम लेता हू और रिक्शे के लिए हाथ खडा करता हूँ। मेरे

सामने रिक्शे की जगह एक कार आकर रुक जाती है और जे ६६४६।

सरला के नायक की कार ! सरला के साथ वह भी दायरे के नायक की तरह है।

'किधर जाओगे अमित ! आ जाओ मैं छोड़ दू !'

भागीरथ का ऊपरी दिखावटी प्रेम मुझ पर एक बिन मांगे उत्तरदायित्व के रूप में सवार होकर आता है।

'थक्यू ! भागीरथ ! थक्यू ! आई वुड प्रिफर गोइंग आन फूट !'

'अनमनरली । भागीरथ के स्वर की घृणात्मक अभिव्यक्ति के साथ ही कार स्पीड पकड़ लेती है।

डिनर पार्टी—एक टिपीकल डिनर पार्टी की ही तरह, एक मिनिस्टराना डिनर पार्टी। जो साढे आठ बजे शुरू होकर ११ बजे से पहले कभी नहीं छूटती। मंत्री महोदय का पी ए सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा करते करते जैसे थक गया हो। मेरा मित्र होकर भी मुझ पर वो तवोज्जह नहीं रख सकता है वह जो यहां से बाहर रह कर उसके लिए सम्भव है।

'य र अमित ! बहुत लेट हो गये गो न ! आई एम वरी सोरी। स्पेअर होती तो मिनिस्टर साहब की कार में भी ले चलता मगर अब तो शायद कोई बहुत पुरानी मिलने वाली आई हैं सो रात को उन्हें छोड़ने जायगी।

नेवर माइण्ड ! —कह कर मैं स्वयं दुमंजिले मकान के बड़े हाल में सीढ़ियों की तरफ चला आता हूं। सीढ़ियों के बाईं ओर मिनि

स्टर साहब का बड रूम है। अहा शायन आज रात को उनकी मिलन वाली

मैं मिनिस्टर साहब को व्यक्तिगत रूप म भली भाति छ सालों से जानता हूँ। य मिनिस्टर लोग

तभी मिनिस्टर साहब के ब रूम म एक उन्मुक्त हास्य का स्वर वातावरण को चीरता हुआ निकलता है।

कितना परिचित स्वर है यह ! क्या सरला है ?

मिनिस्टर साहब का पी ए मरे पीछे पीछे चला आता है।

रमन ! कौन है यह मिनिस्टर साहब की मिलने वाली ?'

अमित ! तुम शायद नहीं जानते उस। यूनीवर्सिटी मे एम ए म पढ रही है।

रमश को शायद मरे घर के बहुत दूर होने की चिन्ता है।

अमित ! तुम मरी साइकिल ले जाओ। मैं सोचता हू— सरला सान्याल ! एक तरफ इतनी रिजर्व नज़की कैसे दूसरी तरफ इतनी स्पुर कर हम सकती है ? मिनिस्टर जस भयकर दानव क पास रहने वाली लडकी एक चरित्रवान अमित स क्यो इतनी दूरी रख कर बा करती है ?

रिजर्वनस उसकी विवशता है अथवा उसका चारित्रिक गुण ?

बिना बाप की इतनी गरीब सरला कस इतन अच्छे अच्छे कपडे पहनती है ?

सरला क चरित्र के सम्बन्ध में यूनीवर्सिटी क मरे मित्रों द्वारा गढ़ किय गए रोज़ के नए २ स्कन्डल्स मे उसके चरित्र पर दोषारोपण

से अधिक, मुझमे उनकी सहानुभूति का जो भाव है उसका आभास मुझे होता है।

वेचारा अमित!—

वेवकूफ अमित!

ब्वाइस ए वन है मगर ये काल गन म बल डरगा

इन प्रास्टी

अब शायद मेरा मूड ठीक रहेगा। मुझे पता ही नही चलता बस मैं इतनी जल्दी घर पहुंच जाता हू! ●●●

पाँच

दसवीं का चाँद पूरब में काफी ऊंचा उठ आया है। उसकी रोशनी की किरणें बड़ी देर से मेरा ध्यान खींच रही हैं। और मेरा मन चाँद जैसी ही दूर किसी और जगह है। पता नहीं क्यों मेरे की किसी भी चीज में मेरा मन नहीं है। साथ वाले कमरे में अपने दोस्तों के साथ बैठा भास्कर अपनी बर्थ डे पार्टी की चाय पी रहा है और संगीत की धुनें बार बार आ आ कर मेरे दिमाग पर चोटें सी कर रही हैं। भास्कर के दोस्तों ने जितनी बार भी आकर मुझे तन्हाई से खींच ले जाने की कोशिश की है मेरी झुंझलाहट और और बढ़ती गई है। तन्हाई के सुख पर इतनी वर्जनाएं क्यों हैं। आदमी की सामाजिकता ही तो मूलतः मानव मन की सारी कुण्ठाओं का कारण है फिर उन कुण्ठाओं से ऊब कर आदमी यदि कुछ समय के लिए अपने अंदर अकेला जाकर रहना चाहे तो क्यों लोग उसे नहीं रहने देते?

मुझे खीझ होती है और मैं कमरे की सारी खिड़कियां बंद करके दरवाजा लगा देता हूँ। दरवाजे के दाहिने हाथ की तरफ मंटिल

पीस पर रेडियो के पास पड़ी वीनस की स्मृति मुझे कचोटती है। सोचता हूँ—क्यों ही लिना ने मुझे यह संगमरमर की वीनस–गाडेस आव लव एण्ड ब्यूटी। लिना की वीनस के साथ मेरे और उसके पारस्परिक सम्बन्धों के ढेर सारे सदर्भ जुड़ हैं। कालिज के लिए वह और मैं साथ साथ आते हैं। क्लास में साथ बैठते हैं, पुस्तकालय में एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। शहर के रेस्त्राओं में देर देर तक बैठ कर चाय काफी आइस्क्रीम खाते हैं, लंच डिनर लेते हैं। सर्दियों की धूप में और गर्मियों की ठण्डी शामों में साइकिलों पर शहर के बाहर लम्बी लम्बी दूरियों तक घूमने जाते हैं। साल में दो दो बार अपनी वर्षगांठें मनाते हैं भेंटें लेते और देते हैं। हेमन्त और लता के दर्दीले गाना को सुन सुन कर साथ साथ रोते हैं। कविताओं के ममस्पर्शी स्थलों को अण्डर लाइन करके एक दूसरे को देते हैं। सुबह उठने से लेकर रातों को सोने तक साथ रहते हैं। यही सब है जो अब रत्ना के सहवास की स्थिति में मुझे सहन नहीं होता। मेरे बेड रूम में लिना की यह वीनस मुझे रोज तंग करती है मगर तब भी मैं इसे फेंक नहीं देता। मैं ऐसे रूप के दास हैं हम सभी। लिना ने जब मुझसे कहा था—तुम्हारे मुनहरे रेडियो सेट के आबनूस वाले काले फ्रेम पर सफेद संगमरमर की यह वीनस खूब जचेगी, अविनाश! रख लो! तो चाह कर मैं उसे रोक नहीं पाया था। यह जानते हुए भी कि रत्ना इसे स्वीकार अपने आवे में नहीं रहेगी और बहुत सम्भव है अपने बेड रूम में इस रचना कतई पसन्द न करे—मैंने लिना की आग्रह और अधिकार से लिपटी इस भेंट को चुपचाप स्वीकार कर लिया था।

संगीत की धुनें अब भी मेरे कानों में आ रही हैं। भास्कर का बलराममट बनर्जी वायलिन पर कुछ बहुत ही दर्दीली धुनें निकाल रहा है और मैं वीनस को पकड़ आत्म विभोर हुआ सा खड़ा हूँ, सुन रहा

हू दद के व स्वर मेरा हमदम मिल गया नजर बन गई है दिल्ली की जुबा न तुम हमे जानो न हम तुम्हें जानें !—कितना दद है बनर्जी के स्वरो म उसकी वायलिन के तारो म ! मुझे निशा की स्मृति फिर हो उठती है। मरे दद को कितना पहचानती है वह। लेकि रत्ना ?

तभी रत्ना की चप्पल की आहट मुझे होती है और वह मेरे कमरे म तजी स घुस आकर ढेर सारी चीजो के बडल सोफे पर फेंक कर खुद पलग पर एकदम स बिखर सी जाती है—'डार्लिंग ! देखो न, तुम्हारे लिए क्या क्या चीजें लाइ हू मैं। तुम्ह तो बस हमारी कुछ भी फिक्र नहीं है। आयन्दा से हम अकल शापिंग को नही जायेंगे। समझे !' और अपनी खाली खाली आखा म मुझे ऐसे देखने लग जाती है जैसे मुझे नहीं मेंटिल पीस पर रक्खी वीनस को वह हमेशा देखा करती है। वाकई, मरे सुखो का रत्ना कितना ध्यान रखती है। मैं पलग पर स उसे समेट कर अपनी बाहों म भर लेता हूं और एक दो तीन चार पता नहीं कितनी बार उसे ! निशा की तरह रत्ना भी ऐसी स्थिति को निर्विरोध स्वीकार कर लेती है। बस निढाल होकर मरे प्यार को पीती रहती है, जैसे इसके अतिरिक्त उसे और कुछ भी नही चाहिए।

